हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025

13 बाबा परमहंस लटाधारी के वार्षिकोत्सव पर शिव मंदिर में की पूजा...



14 लंबित मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा अधिकारी को ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### 15 करोड़ रुपये से बनेंगी सड़कें: सांगवान

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि दादरी शहर के सेक्टर 8 व 9 की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सड़कों का निर्माण और आंतरिक सड़कों को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से करीब 15 करोड़ रुपये की राशि मंजूर करते हुए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है, इसके निर्माण होने से शहर के सेक्टरों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



### सीईटी परीक्षा को लेकर शुरू की तैयारी

**चरखी दादरी।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्रदेश के विभागों, बोर्डों, निगमों और विश्वविद्यालयों में ग्रुप सी के पदों को भरने के लिए 26 व 27 जुलाई को प्रस्तावित सीईटी यानी कामन एलिजिबिलिटी टेस्ट का आयोजन करवाया जाएगा। जिला प्रशासन ने परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उपायुक्त ने कहा कि सीईटी परीक्षा के लिए दादरी जिले में इस बार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं व इंतजाम सुनिश्चित करें।

### गुरु रविदास सेवा समिति का चुनाव संपन्न

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में संत शिरोमणि गुरु रविदास सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। चुनाव में समिति के प्रधान पद हेतू समाज के कई सदस्यों की प्रतिभागिता उपरान्त सर्वाधिक मत प्राप्तकर्ता वरिष्ठ समाजसेवी व अनुभवी सदस्य सिंचाई विभाग से सेवानिवृत संतू सिंह को चुना गया। प्रधान पद के अतिरिक्त समिति के सभी पदाधिकारियों का चुनाव समाज द्वारा सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। जिसमें समिति उपप्रधान मा. विमल सिन्धु, सचिव मा. रामनिवास काजल, कोषाध्यक्ष मा. तेलूराम, कानूनी सलाहकार एडवोकेट अमित दहिया, आडिटर राजेश सिन्धु, मुख्य सलाहकार मा. संजय व पूर्व प्रधान सूबेदार श्री रोशन लाल को समिति में वरिष्ठ उपप्रधान के पद पर चुना गया।

### लघु फिल्मों के लिए होगी 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकारों को लेकर लघु फिल्मों के लिए 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। प्रतियोगिता का उद्देश्य मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए भारतीय नागरिकों के रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से मानवाधिकारों को बढ़ावा देकर उनकी रक्षा करना इसका उद्देश्य है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**लोहारू।** लोहारू-दादरी सडक़ मार्ग पर पिछले दिनों एक अज्ञात कार की टक्कर से घायल हुए मोटरसाइकिल चालक के मामले में लोहारू थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में भागवी निवासी प्रदीप ने बताया कि सीडीपीओ कार्यालय बाढड़ा में काम करता है तथा निकटवर्ती राजस्थान राज्य के पिपली गांव में रहता है। वह पिछले सप्ताह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाढड़ा से पिपली जा रहा था। इस दौरान गागड़वास गांव के पास अज्ञात कार ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

## रिटायर्ड कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के समक्ष दिया धरना

# पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में बिफरे रिटायर्ड कर्मचारी

*पेंशन वित्त विधेयक के अनुसार पेंशनरों को 8वें वेतन आयोग की सिफारशों एवं लाभों से किया गया वंचित, 7 सितंबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर होगी आगामी आंदोलन की घोषणाः जिंदल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर पर सभी जिला उपायुक्त के कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन के कार्यक्रम के तहत भिवानी में भी धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा भिवानी के जिला प्रधान नरेश शर्मा ने की तथा संचालन जिला सचिव राजबीर कादयान ने किया। धरना-प्रदर्शन में राज्य महासचिव रतन जिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रधान नरेश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने संसद में जो पेंशन वित्त विधेयक पारित करवाया है, उसके अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत होने वाले पेंशनरों को 8वें वेतन आयोग की सिफारशों एवं लाभों से वंचित कर दिया है तथा न्यायालय में अपील भी नही कर सकेंगे। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते पेंशन वित विधेयक को वापस ले, अन्यथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा कड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर 17 सितंबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगा और आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

जिला सचिव राजबीर कादयान ने कहा कि जब वे विधायको व सांसदो के पेंशन व वेतन में बढ़ोतरी करते है तब सरकार पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ता और विधायक व सांसद पांच-पांच, 6-6 पेंशन और वेतन भी लेते है।

जबकि कर्मचारियों के पेंशन व भते बढ़ाने पर सरकार पर आर्थिक बोझ पड़ता है। इस दोगली नीति का रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा कड़ी निंदा करता है।



**भिवानी।** आयोजित धरने में नारेबाजी करते सेवानिवृत कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रही प्रमुख मांगें

प्रांतिय महासचिव रतन जिंदल ने कहा कि सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की लंबित मांगों जैसे 65 व 75 वर्ष की उम्र में बेसिक वेतन में 10 प्रतिशत व 20 प्रतिशत की वृद्धि की जाएं, कम्यूट की राशि 15 साल की बजाए 11 साल तक काटी जाए, करोना काल दौरान रोका गया 18 माह का महंगाई भत्ते का एरियर दिया जाए, मेडिकल भता 3000 रुपये और कैसलेस मेडिकल सुविधा दी जाए, पहले की तरह रिटायर्ड कर्मचारियों को रेलवे व हवाई यात्रा के किराये में छूट लागू की जाए, आठवां वेतन आयोग बैठाकर रिपोर्ट समय पर लागू की जाएं व पुराने पेंशनर्स के साथ भेदभाव नहीं किया जाए, मजदूर विरोधी सभी श्रम संहिताओ की समाप्त किया जाए। धरने को प्रांतिय मुख्य सलाहकार मास्टर शेर सिंह, रिटायर्ड एक्शन एसके सिंगला, वित सचिव चन्द्रभान नाहलिया, प्रैस सचिव अनिल मुंझाल, कार्यकारिणी सदस्या शकुंतला देवी तथा सभी खंडो के प्रधानो फतेह सिंह, सन्तु सिंह, मा. उमराव सिंह, हरी सिंह, मा. महाबीर सिंह, विजय पाल, बलबीर सिंह ठाकन, किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल और रिटायर्ड पुलिस एसोसियेशन से आजाद सिंह ढांडा ने भी संबोधित किया।

# 'दक्ष क्रिकेटरों' के लिए 'नायाब पिच' तैयार कर गए सैनी

- जयंती समारोह के बहाने साधा बीसी समाज, भिवानी में नए खिलाड़ियों के खेलने के खोले विकल्प के द्वार

पुरुषोत्तम तंवर ⏭ भिवानी

बीते लोकसभा चुनाव में बीजेपी व कांग्रेस बराबर (पांच-पांच सीटें) जीतकर बढ़त की तरफ नजर आने लगी। राजनीति के जानकारों ने भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में लहर होने का दावा ठोकना शुरू कर दिया था।

हर कोई कांग्रेस की जीत पक्की मानकर फैसले ले रहे थे,लेकिन सीएम नायाब सैनी के हाथ में प्रदेश की बागडोर आने के बाद बीसी क्षेणी के मतदाताओं ने चुनाव में ऐसा जादू किया कि राजनीति के जानकारों के अनुमान धरे के धरे रह गए। पहले यह जादुई वोटर कांग्रेस के साथ थे। विधानसभा चुनाव में भाजपा के पाले में खड़े नजर आए। माना जा रहा है कि 13 जुलाई को भिवानी को महाराजा दक्ष जयंती समारोह का आयोजन के बहाने बीसी समाज के लिए चुनावी मैदान की तैयारी शुरू कर दी। क्योंकि भिवानी में बीसीए व बीसीबी के करीब 45 से 50 हजार के आसपास मतदाता है। इसी तरह तोशाम, बवानीखेड़ा,लोहारू में उक्त श्रेणी के वोटरों की अच्छी खासी तादाद है।

सीएम नायाब सिंह सैनी ने राजनीति में दक्ष(पारंगत) क्रिकेटरों (राजनेताओं) के लिए नायाब पिच तैयार कर गए। अब बशर्ते उस पिच में खेलने के लिए बीसी समाज के कितने और किस तरह के नेता बल्ला संभालने के लिए आते है। खैर यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है कि बीसी समाज को भिवानी जिले की किसी भी हलके से मौका दिया जा सकता है,लेकिन मौका मिले या न मिले,लेकिन बीसी समाज के लिए दक्ष जयंती समारोह के बहाने राजनीति की भिवानी में नई पिच तैयार जरूर कर दी। भविष्य में भिवानी जिले से टिकट की दौड़ में बीसी समाज की संख्या ज्यादा हो सकती है।

# स्वर्ण पदक जीतने वाली भावना का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- छात्राओं के लिए प्रेरणा बनी स्वर्ण पदक विजेता भावना की उपलब्धि : प्राचार्या सोनिया

रोहतक में गत 13 जुलाई को हुई सब जूनियर कुराश चैंपियनशिप में पंडित सीताराम शास्त्री कन्या स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा भावना ने स्वर्ण पदक जीता और विद्यालय व परिजनों, बल्कि समस्त जिला का नाम रोशन किया है। पदक विजेता भावना का विद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्या सोनिया कौशिक के नेतृत्व में समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। प्राचार्या सोनिया कौशिक ने अन्य छात्राओं को भावना से प्रेरणा लेकर शिक्षा के साथ-साथ खेल या अन्य गतिविधि में आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भावना ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर ना केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, बल्कि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी है। प्राचार्या ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। बेटियों ने शिक्षा, खेल या अन्य गतिविधियां सभी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना बनाई है। इस अवसर पर विद्यालय की कोर्डिनेटर कविता कौशिक सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं मौजूद रही।



**भिवानी।** प्राचार्या सोनिया कौशिक के साथ पदक विजेता भावना।

# किसान सभा एवं संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन महापड़ाव आज

- वर्ष 2023 की खरीफ फसल के 350 करोड़ रुपये बीमा फ्रॉड की राशि दिलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा एवं संयुक्त किसान मोर्चा ने खरीफ फसल वर्ष 2023 के 350 करोड़ रुपये बीमा फ्रॉड की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने, इसमें संलिप्त दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करवाने व ब्याज समेत फ्रॉड की गई राशि किसानों के खातों में डालने व किसानों की अन्य मांगों को लेकर लोहारु एसडीएम कार्यालय पर 16 जुलाई से किसान महापड़ाव डाला जाएगा। इससे पहले लोहारु के शास्त्री पार्क में किसान प्रातः 10 बजे इकट्ठा होंगे तथा 11 बजे के बाद प्रदर्शन कर लोहारू एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू करेंगे। यह महापड़ाव शांतिपूर्वक गांधीवादी तरीके से होगा। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, जिला सचिव मास्टर जगरोशन व जिला कोषाध्यक्ष मास्टर उमराव सिंह ने संयुक्त ब्यान जारी कर आरोप लगाया कि क्षेमा फसल बीमा कंपनी ने 2023 के खरीफ फसल में कृषि कल्याण विभाग के उच्च अधिकारियों से सांठ-गांठ कर भिवानी जिले में 200 करोड़ रुपये तथा दादरी जिले में 150 करोड़ रुपये का घोटाला कर दिया। इसकी न्यायोचित जांच के लिए किसान सभा ने मुख्यमंत्री व कृषिमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजे तथा 17 मार्च व 23 जून को लोहारू एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजे गए। उन्होंने बताया कि 23 जून को लोहारू अनाजमण्डी किसान महापंचायत कर निर्णय लिया था कि राज्य सरकार ने इस संबंध में उचित कार्यवाही नहीं की तो एक जुलाई को दोनों जिलों के विधायकों, मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन दिए जाएंगे। वे इस संबंध में ज्ञापन भी दे चुके तथा बीमा फ्रॉड की पूरी पृष्ठभूमि तथा किसानों की 13 मांगों के बारे में उनको अवगत कराया जा चुका है।

# धनाना में अस्पताल और खेतों की बाढ़ से बदतर हालत, प्रशासन से की तुरंत निकासी की मांग

- ग्राम पंचायत, सरपंच, पंच और युवा क्लब की टीम ने किया गांव के जलभराव क्षेत्रों का दौरा
- जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति हो जाएगी और भी बदतर : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लगातार बारिश के कारण गांव धनाना में स्थिति गंभीर बनी हुई है। गांव के अस्पताल और कृषि भूमि दोनों ही बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्राम पंचायत, सरपंच, पंच और युवा क्लब की टीम ने मंगलवार को गांव के अस्पताल का मुआयना किया, जहां की हालत बेहद खराब पाई गई। ग्राम पंचायत धनाना-2 के सरपंच वेदपाल जांगड़ा, पंचायत सदस्य सुमित, मनोज, संजय व युवा क्लब के प्रधान रविंद्र कुमार, पीके, मंजीत व धीरा सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखा। उन्होंने कहा कि धनाना गांव का अस्पताल पूरी तरह से जलमग्न हो चुका है। बारिश का पानी पूरे ग्राउंड में भर गया है और कमरों तक में घुस रहा है। ग्राम पंचायत पिछले सात-आठ दिनों से चौबीसों घंटे इंजन ट्यूबवेल लगाकर पानी निकालने की अथक कोशिश कर रही है, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। अस्पताल की यह दुर्दशा ग्रामीणों के स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को बाधित कर रही है और संक्रमण का खतरा भी बढ़ा रही है। अस्पताल के अलावा गांव के खेतों में भी बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। पानी की निकासी के लिए बनी ड्रेन ओवरफ्लो हो चुकी है और दो-तीन बार टूट भी चुकी है। इससे किसानों की फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं, जिससे उनकी आजीविका पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। यही नहीं ड्रेन टूटने से गांव भी डूबने की कगार पर पहुंच जाएगा।



**भिवानी।** धनाना के अस्पताल परिसर में जमा बारिश का पानी। *फोटो : हरिभूमि*



**बवानीखेड़ा।** नियमित कराए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

# सोलर प्लांट में नियमित भर्ती न करने को लेकर युवकों ने काटा बवाल

- चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन विधायक से जल्द लगाएंगे गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा तोशाम रोड पर स्थापित सोलर प्लाट में युवकों की नियमित भर्ती करके न लगाए जाने, दिहाड़ी पर कार्य होने पश्चात निकालने, 12 घंटे कार्य करवाने को लेकर युवाओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने कंपनी पर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। युवाओं में राकेश, सोनू, सुनील, राहुल, दीपक, हर्ष, सुनील, मनीष, श्याम, नवीन, गौरव, तरूण कुमार, रिंकू, नीरज, मोनू, नवीन, गौरव आदि ने बताया कि वे गांव बलियाली, सिवाड़ा, किरावड़, जमालपुर, लोहारी जाटू, भुरटाना व आसपास के गांवों के युवा हैं और बवानी खेडा मे स्थापित गौतम सोलर प्लांट में युवकों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्हें 600 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से तीन दिन काम करवाकर निकाल दिया जाता है और अन्य बाहर के कर्मचारियों को लगा लिया जाता है। जरूरत पड़ने पर हमसें काम करवाकर हमें कंपनी से बाहर निकाल दिया जाता है। जबकि इस प्लांट में बवानी खेडा के एरिया के 15 प्रतिशत युवकों को नियमित रूप से सर्विस देनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा हमसें कुछ दिन काम करवाकर फिर अन्य लोगों को काम पर लगाया जा रहा है। युवकों ने बताया कि वे बेरोजगार हैं और उनके साथ अन्याय न किया जाए। इसी से रोषित होकर उन्होंने कंपनी के खिलाफ रोष जाहिर कर नारेबाजी की व नपा चेयरमैन सुंदर अत्री को ज्ञापन सौंपा युवाओं ने बताया कि चेयरमैन ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द ही वे प्लांट के अधिकारी से बात करेंगे। जल्द ही विधायक कपूर वाल्मीकि को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# बहल क्षेत्र के स्कूल संचालकों की हड़ताल आज

**बहल।** हिसार जिले के एक निजी स्कूल के प्राचार्य की छात्रों द्वारा चाकुओं से गोदकर की गई हत्या को लेकर क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल संचालकों में रोष व्याप्त है। प्राइवेट स्कूल संचालकों ने हरियाणा प्राइवेट स्कूल ऐसोसिशन द्वारा घटना के विरोधस्वरूप 16 जुलाई को प्रदेश भर के प्राइवेट स्कूलों को बंद रखने के फैसले का स्वागत करते हुए समर्थन देने का फैसला लिया है। बहल ब्लॉक प्राइवेट स्कूल ऐसोसियशन के खंड प्रधान इंद्रसिंह श्योराण ने बताया कि इस हत्याकांड ने जहां समाज के आमजन को झकझोर कर रख दिया है वहीं दिशाभ्रमित हो रहे युवाओं के भविष्य के बारे में सोचने को मजबूर कर दिया है। बहल खंड के सभी प्राइवेट स्कूल संचालक पीड़ित परिवार के साथ है और इस घटना की जघन्य निंदा करते हैं। हरियाणा प्राइवेट स्कूल ऐसोसियशन द्वारा 16 जुलाई को सभी स्कूलों को बंद रखने का जो ऐलान किया है उसमें बहल खंड के स्कूलों से समर्थन जुटाया जा रहा है। बहल ब्लॉक के आदर्श भारती स्कूल सिधनवा, आर्य स्कूल मंढोली कलां, कल्पना चावला स्कूल मंढोली कलां, अपेक्स स्कूल, हेरिटेज स्कूल गोकलपुरा, गौरव स्कूल गोकलपुरा, सर्वोदय स्कूल सेरला, एनजेएम स्कूल बिधनोई, आधार स्कूल ओबरा, श्री श्याम स्कूल पातवान ने बंद में समर्थन देने की घोषणा की है।

## चरखी दादरी में बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी के पुनर्निर्माण के लिए 41.30 करोड़ की राशि को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (भिवानी)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चरखी दादरी जिले में बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी के पुनर्निर्माण के लिए 41.30 करोड़ रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। सरकार की तरफ से मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी चरखी दादरी जिले में स्थित एक सिंचाई नहर है। यह वृहद लोहारू नहर प्रणाली का एक हिस्सा है। यह परियोजना 31 दिसंबर, 2026 तक पूरा होने की संभावना है। इसका उद्देश्य सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाना, पर्याप्त तालाब भरना सुनिश्चित करना और किसानों तथा अन्य लाभार्थियों के लिए पेयजल की उपलब्धता में सुधार करना है। प्रस्ताव के एक भाग के रूप में, भविष्य की सिंचाई मांगों को पूरा करने के लिए वितरक की निर्वहन क्षमता को बढ़ाकर 235 क्यूसेक किया जाएगा। डिस्ट्रीब्यूटरी बधवाना के गांव इमलोटा, कन्हेटी, मोरवाला, सरूपगढ़, सटोर, भागवी, समसपुर, ढाणी फोगाट, टिकन कलां, घसोला, कलियाणा, मंडोला, कलाली, बलाली, द्धुधवा और आसपास के गांवों को सिंचाई और पीने के लिए पानी उपलब्ध कराती है। इस चैनल का निर्माण 1971-72 के दौरान 176 क्यूसेक की डिजाइन क्षमता के साथ किया गया था।

## लंबी बहस के बाद एआई लाने का विधेयक पारित, युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित

# खरक स्कूल की युवा संसद में उठे जनहित के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मंगलवार को खरक कला के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय युवा संसद में जनहित के मुद्दे गूंजे। कई बार जनहित के मुद्दों पर विपक्ष ने वॉकआऊट करने का प्रयास किया,लेकिन सतापक्ष के संतुलित जवाब से बाद में सभी विपक्षी संतुष्ट नजर आए। कई देर तक बहस के बाद एआई लाने पर सतापक्ष कामयाब रही। बाद में सभी बाल सांसदों का बेहतरीन प्रदर्शन पर बधाई दी। स्कूल में बाल संसद में सबसे पहले विगत में गुजरात में हुए प्लेन हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी सहित मारे गए अनेक लोगों का आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद अध्यक्ष की अनुमति से संसद की कार्यवाही शुरू हुई। प्रशनकाल के दौरान विपक्ष ने कृषि के तीन कानूनों के बारे में सवाल पूछा। सता पक्ष के एक सांसद ने जवाब दिया,लेकिन शौर शराबा करते हुए विपक्ष ने विरोध जताया,लेकिन इसी दौरान वरिष्ठ सांसद ने संभालते हुए कृषि के तीनों कानूनों को लागू करने पर सधी हुए शब्दों में जवाब दिया। उसके बाद विपक्ष संतुष्ट नजर आया। उसके बाद नई शिक्षा नीति व कानून व्यवस्था पर विपक्ष ने खूब बखिया उधेड़ी। पर वरिष्ठ बाल सांसदों की बदौलत विपक्षियों के मुद्दे को तर्क देकर बेहतरीन ढंग से शांत किया गया। आखिर में सतापक्ष के सांसद नई तकनीकी एआई लाने का प्रस्ताव लाए। एकबारगी तो विपक्षी इस मुद्दे पर बिफरने लगे,लेकिन बाद में आधुनिक युग में उक्त तकनीक को जरूरत बताया तो विपक्षी सता पक्ष के पाले में आ गए।



**भिवानी।** बाल संसद में आयोजित कार्यवाही के दौरान उपस्थित बाल सांसद।

### छात्राओं ने संसद की कार्रवाई को अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया

प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या डा. रीमा परमार की अध्यक्षता में करवाया गया। युवा संसद टीम द्वारा की गई संपूर्ण कार्यवाही का संयोजन कार्य सुनीता देवी व धर्मेंद्र ने किया। निर्णायक मंडल में प्रवक्ता अंजु, प्रवक्ता विकास शर्मा व प्रवक्ता नरेश कुमार ने जज कि भूमिका निभाई। छात्राओं ने संसद की कार्यवाही को बहुत ही अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल टीम ने कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा की गई कार्यवाही की अत्यनत सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।



## रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'



## हॉलीवुड मसाला



## स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





## हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



## ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी है, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



## कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



## जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलिप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

### इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।



## ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।


**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।






## नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।





### पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

## ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी

धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### पार्षद विजेंद्र सिंह को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**लोहारू।** पिछले दिनों सरकार द्वारा लोहारू नगर पालिका के घोषित किए गए दो मनोनीत पार्षदों के नामों के बाद भाजपा नेताओं ने दोनों पार्षदों को बधाई दी है। मनोनीत पार्षद विजेंद्र डूक्षसह को भाजपा नेता विजय शेखावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहताश चौहान, रोहताश लांबा, रामकिशन टीकेवाला, पार्षद अंतर डूक्षसह, पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सैनी और विकास सैनी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। विजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे।

### एचडी स्कूल बिरोहड़ में कविता वाचन प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में कविता वाचन प्रतियोगिता का दूसरा दिन भी अत्यंत जोश और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य की स्वयं-रचित और मौलिक कविताओं का हृदयस्पर्शी वाचन किया। इन प्रस्तुतियों में जहां भावनाओं की गहराई थी। वहीं सामाजिक संदेश भी निहित थे। छात्रों ने समाज, आज का विद्यार्थी, संस्कार, देश प्रेम, नशा आदि अनेकों शीर्षक पर स्वयं रचित कविताओं का व्याख्यान किया।

### गांव हंसु माजरा से ट्रांसफार्मर चोरी

**कैथल।** गांव हंसु माजरा से चोर एक ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने आरोप लगाया है कि चोर 13 जुलाई को गांव हंसु माजरा के किसान प्रभु राम के खेत में लगा 16 केवीए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत करीब 82800 बताई गई है।

### पेड़ हमारे जीवन का आधार : एसडीएम

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। हमें पेड़ों से ही शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है यदि हम शुद्ध हवा और सुखमय व स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो वृक्षारोपण बेहद जरूरी है। एसडीएम जगदीश चंद्र ने लघु सचिवालय परिसर से सोमवार को हरी झंडी दिखाकर राजकीय स्कूलों के लिए 600 पौधे वितरण हेतु पहली खेप रवाना करते अपने विचार व्यक्त किए।

### गंभीर बीमारी से पीड़ित को मिलेगी दिव्यांग पेंशन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो।

बाबा के सिद्धांतों एवं समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद करवाता वार्षिकोत्सव

# बाबा परमहंस लटाधारी के वार्षिकोत्सव पर शिव मंदिर में की पूजा व बांटा प्रसाद

### बाबा परमहंस लटाधारी के मेले में विधायक के भाई ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोहड़ बाजार स्थित शिव मंदिर में मंगलवार को बाबा परमहंस लटाधारी तिगड़ानिया के वार्षिकोत्सव पर भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस उपलक्ष्य में 11वां हवन एवं भंडारे का आयोजन किया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आहुति डाली तथा प्रसाद ग्रहण किया। प्रेमचंद्र तायल, मुनिंद्र तायल व पंकज तायल ने बताया कि मंगलवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। चारों ओर भक्तिमय वातावरण था, जो मंत्रोच्चारण और भजन-कीर्तन से और भी ऊर्जावान हो गया। इसके उपरांत सवा 10 बजे हवन प्रारंभ हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां डाली, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हवन की पूर्णाहुति के बाद सवा 11 बजे मंदिर परिसर में ही भंडारे का आयोजन किया, जिसे सभी ने बड़े चाव से ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि बाबा परमहंस लटाधारी तिगड़ानिया के वार्षिकोत्सव पर हर साल धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। यह अवसर बाबा के सिद्धांतों और समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद करने का है। बाबा ने अपना जीवन लोगों की भलाई और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने में समर्पित कर दिया था।



**भिवानी।** बाबा परमहंस लटाधारी की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।



### परंपराओं को जीवित रखते धार्मिक कार्यक्रम

**भिवानी।** गांव तिगड़ाना में हर वर्ष की भांति बाबा परमहंस लटाधारी के वार्षिकोत्सव मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बवानीखेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि के भाई मास्टर राजेश ने पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और धार्मिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। बाबा परमहंस लटाधारी के प्रति लोगों की गहरी आस्था देखने को मिली। मास्टर राजेश ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति एवं परंपराओं को जीवित रखते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि हमें नैतिकता एवं आध्यात्मिकता की ओर भी अग्रसर करते हैं। राजेश ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी जड़ों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि बाबा परमहंस लटाधारी जैसे संत महात्माओं का जीवन हमें त्याग, सेवा और परोपकार की प्रेरणा देता है। मेला परिसर में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गई और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया।

# मेले में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

■ 150 मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव तिगड़ाना में स्थित बाबा परमहंस लटाधारी मंदिर में सोमवार को आयोजित वार्षिक मेले के अवसर पर लाइफलाइन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डा. मनोज वर्मा की टीम से डा. विपुल कुमार, डा. दीपक की टीम से डा. गौरव ने 150 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की, जिसमें रक्तचाप (बीपी), शुगर सहित कई सामान्य बीमारियों की जांच शामिल थी। यह जानकारी देते हुए अस्पताल मैनेजर रत्न तंवर ने बताया कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि अक्सर ग्रामीण इलाकों में लोग छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं, जो बाद में गंभीर रूप ले सकती हैं। इन शिविरों के माध्यम से उन्हें प्रारंभिक स्तर पर ही बीमारियों का पता लगाने और सही उपचार के लिए मार्गदर्शन मिल पाता है। इस मौके पर चिकित्सकों ने इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों को जरूरतमंद लोगों के वरदान बताते हुए कहा कि खासकर उन लोगों के लिए जो नियमित रूप से डॉक्टर के पास जाने में असमर्थ हैं या जिनके पास स्वास्थ्य जांच के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है, उनके लिए ये शिविर बहुत फायदेमंद साबित होते है। ऐसे में प्रत्येक जरूरतमंद लोगों को ऐसे शिविरों का लाभ उठाकर स्वास्थ्य लाभ लेना चाहिए। चिकित्सकों ने मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाना कितना महत्वपूर्ण है ताकि किसी भी बीमारी का शुरुआती चरण में ही पता लगाकर उसका प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सके।

### गुरु रविदास सेवा समिति की कार्यकारिणी का चुनाव आयोजित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में संत शिरोमणि गुरु रविदास सेवा समिति ( रजिस्टर्ड) की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ । चुनाव में समिति के प्रधान पद के लिए समाज के कई सदस्यों की प्रतिभागिता उपरान्त सर्वाधिक मत प्राप्तकर्ता वरिष्ठ समाजसेवी अनुभवी सिंचाई विभाग से सेवानिवृत संतू सिंह को चुना गया । प्रधान पद के अतिरिक्त समिति के सभी पदाधिकारियों का चुनाव समाज द्वारा सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ । जिसमें समिति उपप्रधान धर्मपाल गौरिया व मा. विमल सिन्धु , सचिव मा. रामनिवास काजल , कोषाध्यक्ष मा. तेलूराम, कानूनी सलाहकार एडवोकेट अमित दहिया , आडिटर राजेश सिन्धु व पूर्व प्रधान रोशन लाल को समिति में वरिष्ठ उपप्रधान के पद पर चुना गया ।

# प्रतियोगिता में छात्रों को किया गया सम्मानित

■ प्राचार्य सुदेश कुमार यादव ने विद्यार्थियों को किया नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वीर ईश्वरसिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय तोशाम की एनएसएस इकाई ने नशामुक्त भारत पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई, जिसमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, भाषण प्रतियोगिता एवं रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान के साथ-साथ नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई। प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान स्लोगन राइटिंग में 11वीं कक्षा की अंजलि, द्वितीय स्थान पर दसवीं क्लास की नजमा, तृतीय स्थान पर छठी क्लास की सपना ने बाजी मारी।

वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा से मेहुल प्रथम, पायल कौशिक ने द्वितीय और कक्षा दसवीं से रेनू और नौवीं कक्षा से अमन संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की भूमिका और 12वीं कक्षा की किरण ने अच्छी भूमिका निभाई। इस मानसून सत्र में 11वीं कक्षा के जो विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना का हिस्सा बनना चाहते हैं, उन्हें एक-एक पौधा भेंट किया, ताकि वे पूरे दो साल तक उस पौधें की देखभाल करते रहे और हर महीने के अंतराल पर पौधे की जीवंत फोटो सांझा करते रहें। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सुदेश कुमार यादव और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ज्योति रानी ने विद्यार्थियों को नशीली दवाइयां व नशीले पदार्थों के सेवन से बचने का और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




**भिवानी।** विद्यार्थियों को पौधें भेंट करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# संयम, श्रद्धा एवं साधना से खुलता मोक्ष द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तेरापंथ भवन में सारिका जैन की 8 दिन की तपस्या का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। साध्वी तिलकश्री ने कहा कि संयम, श्रद्धा और साधना से मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं, जैन धर्म में तपस्या का बहुत अधिक महत्व है और तप के प्रभाव से असंभव कार्य भी संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प वाला व्यक्ति ही तपस्या कर सकता है। सुरेंद्र जैन की धर्मपत्नी सारिका जैन ने 61 वर्ष की आयु में 8 दिनों की निराहार तपस्या की।

साध्वीश्री ने तपस्विनी के स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद दिया और परिवार के प्रति मंगल भावना व्यक्त की। उन्होंने उपस्थित धर्म अनुरागी भाई बहनों को चातुर्मास काल के दौरान तपस्या के द्वारा कर्मों की निर्जरा करने की शिक्षा दी। साध्वी निर्णय प्रभा एवं महिमाश्री ने एक गीतिका के द्वारा सारिका जैन की तपस्या की अनुमोदना की। श्रीअग्रसेन ट्रस्ट के अध्यक्ष रामदेव तायल ने कहा कि सुरेंद्र जैन का परिवार एक आदर्श परिवार है और उनके परिवार से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सुरेंद्र जैन अधिवक्ता ने कहा कि उनके परिवार पर गुरुदेव की कृपा है और साध्वीश्री की प्रेरणा से ही ये तपस्या सानंद हो रही है। कार्यक्रम का संयोजन रमेश बंसल ने किया।



**भिवानी।** श्रद्धालुओं को संबोधित करती साध्वी तिलकश्री। फोटो : हरिभूमि



**चरखी दादरी।** विद्यार्थियों को दांतों की जांच करते चिकित्सक।

### दंत चिकित्सा शिविर में सैंकड़ों छात्रों की हुई जांच

**चरखी दादरी।** सीबीएस स्कूल मौड़ी में मंगलवार को निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर लगाया, जिसमें त्रिवेणी अस्पताल के बीडीएस डॉ. निकिता और डॉ. रिधि के नेतृत्व में शिविर लगाया गया। डॉक्टरों की टीम ने कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के सभी बच्चों के दांतों की बारीकी से जांच की, जिन विद्यार्थियों को दांतों से संबंधित कोई समस्या पाई गई, जिनको सलाह एवं दवा दी गईं। इसके साथ ही बच्चों को दांतों की सफाई, समय पर ब्रश करने, मिठाइयों के अधिक सेवन से बचने जैसी कई महत्वपूर्ण सावधानियों की जानकारी दी गई। दंत चिकित्सकों ने बताया कि बच्चों में सबसे आम समस्याएं जैसे कि कैविटी, मसूड़ों की सूजन, दांतों में पीलापन और दांतों के बीच फंसे खाद्य पदार्थों से होने वाली दुर्गंध पाई जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य प्रदीप रोहिला एवं कटार सिंह बैनीवाल के मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन हुआ।

# लिटिल हार्टस स्कूल में छात्रों ने पत्तियों से तैयार किए आभार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल भिवानी के प्रांगण में आज कक्षा 7 के विद्यार्थियों की एक अनोखी और रचनात्मक गतिविधि 'पत्तियों से आभार कार्ड निर्माण' गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में कृतज्ञता, रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। छात्रों ने सूखे पत्तों का उपयोग करके सुंदर-सुंदर कार्ड बनाए और अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा समाज के सहायक व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानन्द सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बच्चों की कला कृतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



भिवानी। अतिथियों के साथ पत्तियों से तैयार किए आभार कार्ड दिखाते विद्यार्थी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्राचार्य दीपक जोशी, उप-प्राचार्य मनमोहन चावला, कोर्डिनेटर बबीता, सोनिया खेमका, रश्मि, मंजु यादव, महेष्ठा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद था।




**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लोहारी जाटू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक पेड मां के नाम मुहिम के तहत प्राचार्या पुष्पा जोशी, इको क्लब इंचार्ज सुशीला एवं स्टाफ सदस्य।

### एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत किया पौधरोपण

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लोहारी जाटू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक पेड मां के नाम मुहिम के तहत प्राचार्या पुष्पा जोशी, इको क्लब इंचार्ज सुशीला एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। प्राचार्या द्वारा स्टाफ संग मिलकर भिन्न-भिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधे लगाए और बताया कि इस मौसम में पौधे मिटटी से जल्दी जुड़ाव करके जल्दी बढ़ते हैं और कुछ समय बाद ही वृक्ष बन जाते हैं। जिनकी ठंडी छाया में हमें सुकून मिलता है। वहीं उन्होंने बताया कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं जिससे हमारी आयु भी बढ़ती है। उन्होने सभी को चेताया कि यदि समय रहते हम नहीं संभले तो वह दिन दूर नहीं जब हमें हमारी पुश्ते कोसेंगी। इसलिए ऐसा ना हो इसके लिए पौधारोपण करना चाहिए।

# घर घर जाकर बेटियों को बचाने के लिए अलख जगाने के लिए किया गया प्रेरित



**भिवानी।** बवानी खेड़ा के आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य विभाग सहित आंगनवाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर, कार्यकर्ताओं आदि द्वारा मिलकर बेटियों को बचाने के लिए मुहिम चलाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के एसडीएच द्वारा आंगनवाडी केन्द्र में एसएमओ ज्योति कपूर की अगुवाई में विपेज हेल्फ एंड न्यूट्रिशन पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर अपराध है के प्रति जागरूक किया गया। आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य विभाग सहित आंगनवाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर, कार्यकर्ताओं आदि द्वारा मिलकर बेटियों को बचाने के लिए मुहिम चलाई हुई है।

बेटियों को बचाने के लिए हर घर की महिलाओं से मिल रही हैं नागरिक अस्पताल की महिला चिकित्सक और आशा वर्कर सहित आंगनवाड़ी केन्द्रों में इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं अब सरकारी व निजी विद्यालयों में भी पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई जा रही है।

ताकि कन्या भ्रूण हत्या पर ब्रेक लगे और बेटियों को बचाया जा सके। इस अवसर पर डॉ. पूजा, अंजिला, सरोज देवी, स्टाफ नर्स पूजा, प्रमिला, मीना सहित अनेक मौजूद रहे।

शारीरिक व मानसिक विकास के लिए नशे जैसी बुराइयों से दूरी जरूरी

# छात्रों को नशा न करने की दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव खरकड़ी झांवरी स्थित राजकीय वमा विद्यालय में चल रहे नशामुक्त भारत पखवाड़े का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर पीजीटी रसायन विज्ञान प्रवक्ता अशोक कुमार ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशा नहीं करने व दूसरों को भी नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को नशे से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य और सामाजिक माहौल को सुधारने का आह्वान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में योग, ध्यान, खेल, संगीत जैसी कलात्मक गतिविधियों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। पखवाड़े में पोस्टर मेकिंग, स्लोग्न प्रतियोगिता प्रवक्ता समुंद्र सिंह व शिक्षिका सुषमा की देखरेख में करवाई, जिसमें छात्रा इशिका, मुस्कान व चेतना क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही।



**भिवानी।** विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने व दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलवाते शिक्षक।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर हरबंस, विनोद कुमार, अरविंद डीपीई, राकेश कुमार, मनजीत, संपत सिह, सरोज, सुषमा, लक्ष्मी देवी, उर्मिला, मुनेश, रेखा, सरोज बाला व हरेंद्र आदि मौजूद रहे।

प्रवक्ता अशोक ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर ही हम समाज व राष्ट्र की तरक्की में अपना योगदान दे सकते है। उन्होंने कहा कि विशेषकर विद्यार्थी वर्ग को नशे से दूरी बनाए रखनी चाहिए, ताकि उनका शारीरिक व मानसिक विकास पूर्ण रूप से हो सकें।

## खबर संक्षेप



बवानीखेड़ा। तालू में जमा पानी का मुआयना करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### चांग व तालु में बरसाती पानी जमा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हलके के गांव चांग वे तालू में बरसाती पानी के कारण फैसले जहां जलमग्न हो गई वहीं गांव में अनेक स्थानों पर पानी जमा हो गया जिसके कारण ग्रामीणों को खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों का हाल-चाल जानने में पानी की निकासी के लिए वहां पर विधायक कपूर वाल्मीकि के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि पहुंचे और ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना. ग्रामीणों ने बताया की जगह-जगह पर पानी एकत्रित हो चुका है वह आने जाने का रास्ता बंद हो गया है जिसके कारण बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है. ग्रामीणों ने उनके सामने इस पानी की निकासी की गुहार लगाई वहीं राकेश वाल्मीकि ने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से फोन करके सूचित किया और कहा कि इस पानी की निकासी करवाए ताकि ग्रामीणों को दिक्क़तो का सामना न करना पड़े।



भिवानी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### चार रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** रक्तदान महादान है, जागरूक-समझदार लोग रक्तदान करते हैं, लेकिन आज भी ऐसे लोग है, जो रक्तदान करने से डरते हैं। वहीं कुछ ऐसे लोग है जो रक्तदान कर नई इबारत लिख रहे हैं। कई समाजिक संस्थाएं लगातार रक्तदान व रक्तदान जागरुकता के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में भिवानी के दो अस्पतालों में अलग-अलग ब्लड ग्रुप ओ पॉजीटिव व बी पॉजीटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ने का संदेश मिलते ही एक्टिव रक्तदाता अनिल सिंह,धीरेंद्र प्रताप, संजय कुमार व रोहित ने ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान किया। इस अवसर पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि जो व्यक्ति बार-बार रक्तदान करता है, वह दूसरों के लिए भी उदाहरण है।

### मांगों और सरकार के बेतुके फरमानों को लेकर रोष

# लंबित मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा अधिकारी को ज्ञापन

एक ही प्रांगण में चल रहे प्राथमिक और अन्य विद्यालय को अब एक ही एसएमसी बनेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

मंगलवार को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ,जिला भिवानी ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर को निदेशक मौलिक शिक्षा के नाम विभिन्न मांगों और सरकार के बेतुके फरमानों के खिलाफ जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर के नेतृत्व मे ज्ञापन सौंपा। जिला महासचिव सुमित शर्मा व राज्य उप सचिव शोभित सांगवान ने कहा कि जिले में प्राथमिक विद्यालयों की सरकार की नीतियों के कारण पहले गई स्तिथि खराब है। अब सरकार के दोबारा एसएमसी गठन के बेतुके फरमान के कारण विद्यालयों की वित्तीय हालत और भी ज़्यादा खराब हो जाएगी। सरकार के पत्र अनुसार एक ही प्रांगण में चल रहे प्राथमिक और अन्य विद्यालय को अब एक ही एसएमसी बनेगी और ग्रांट भी एक ही मिलेगी,जो पहले हर विद्यालय को अलग अलग मिलती थी। इससे प्राथमिक विद्यालयों को विद्यालय का रख रखाव रखने और अन्य कार्य करने में बहुत नुकसान होगा। उन्होंने इसका कड़े शब्दों में विरोध किया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने व निर्वाचन विभाग ने बीएलओ की अधिकतर ड्यूटी प्राथमिक शिक्षकों की लगाई है,चाहे उसकी दूरी विद्यालय से 10-15 किलोमीटर हो या अन्य सरकारी या निजी संस्थान हो।वहां अन्य कर्मचारी उपलब्ध होने के बावजूद प्रथमिक शिक्षक की ड्यूटी लगाने न्यायसंगत नहीं है।विद्यालयों में पहले ही शिक्षकों की कमी है।इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी।उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि शायद सरकार प्राथमिक शिक्षकों को बदनाम और प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना चाहती है।लेकिन सरकार कान खोल कर सुन ले, गरीब बच्चों के शिक्षा के मंदिरों को किसी भी हालत में बंद नही होने दिया जाएगा इसके लिए चाहे हमें किसी भी हद तक जाना पड़े। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संदीप ढोचक,उप प्रधान गंगाराम, खंड संरक्षक विक्रम सांकला,जय सिंह, सुरेश, दिनेश कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**शिक्षकों के तबादले जल्द से जल्द करे**

कार्यालय सचिव शिवधन यादव व खंड प्रधान राम अवतार यादव ने मांग की कि सरकार प्राथमिक शिक्षकों के तबादले जल्द से जल्द करे। हर बार शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली जाती है।तबादले होने से हर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी नहीं रहेगी। सभी शिक्षक नेताओ ने कहा कि शायद सरकार की मंशा ठीक नहीं है। अगर सरकार ने विद्यालय हित मे उपरोक्त आदेश वापिस नहीं लिए और तबादले नहीं हुए तो पूरे प्रदेश भर के प्राथमिक शिक्षक सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे,जिसकी जिम्मेदार ये हठी और अहंकारी सरकार होगी।

# चुनाव प्रक्रिया में बीएलओ की अहम भूमिका: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



लोहारू। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद निर्वाचन अधिकारी मनोज दलाल व बीएलओ।

लोहारू विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में बीएलओ की अहम भूमिका होती है। निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची तैयार करने में त्रुटियों का शुद्धिकरण करना बहुत जरूरी हैं। इस कार्य को बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार गंभीरता से करें। एसडीएम मनोज दलाल मंगलवार को स्थानीय बीडीपीओ कार्यालय में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) व सुपरवाईजरों की कार्यशाला में नया वोटर कार्ड बनाने, वोटर कार्ड को सूची से हटाने, वोटर कार्ड में पता बदलने आदि संशोधन प्रक्रिया बारे प्रशिक्षण दे रहे थे। कार्यशाला के दौरान एसडीएम ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची में सुधार एवं संशोधन एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने के लिए बीएलओ को गंभीरता से कार्य करना होगा। लोगों की वोट को अन्य स्थान पर बदलने, मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटाना और नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का कार्य प्राथमिकता से होना चाहिए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वे अपने-अपने बूथ पर जाकर डोर-टू-डोर सत्यापन करें।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक।

जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष कौशिक ने सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण सुझाव दिए और भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आगामी गतिविधियों के लिए रणनीति तैयार करना था। जिलाध्यक्ष कौशिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की सफलता हर एक कार्यकर्ता के समर्पण और कड़ी मेहनत पर निर्भर करती है। कौशिक ने कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है, ताकि संगठन के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें जनसंपर्क बढ़ाने, आमजन की समस्याओं को समझने और समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोगों के बीच जाकर सरकार की नीतियों और संगठन के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करें।

# पीएम श्री स्कूल बवानी खेड़ा में छात्राओं को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। नशे के प्रति जागरूक करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

बवानी खेड़ा के प्रहरी क्लब के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा में क्लब इंचार्ज सुदेश सांगवान ने छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को नशे से बचने, परिवार के लोगों को नशे से दूर रहने तथा भविष्य को सुरक्षित करने के उपायों के बारे में बताया गया। छात्राओं ने भविष्य में इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की शपथ ली। इस शपथ कार्यक्रम में हिंदी प्रवक्ता कमलजीत कपुरिया ने छात्राओं को अपने जीवन को संवारने, स्वास्थ्य की देखभाल करने तथा परिवार को नशे से बचने के लिए छात्राओं को बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में नशा न करने को लेकर एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया तथा कस्बा क्षेत्र के आसपास के निवासियों को नशा न्याय करने का आग्रह किया। वहीं छात्राओं को संबोधित करते हुए हिंदी प्रवक्ता कमलजीत कपूरिया ने बताया कि नशा करने वाला किसी का नहीं होता। वह केवल नशे तक ही सीमित होता है।

# सांसद धर्मबीर सिंह ने किया लोहारू का दौरा

- ग्रामीण संभाओं को किया संबोधित, कहा-भाजपा सरकार ने 11 वर्ष के दौरान व्यवस्था परिवर्तन कर हर वर्ग के कल्याण के खोले द्वार
- सांसद ने किसानों से की सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपना कर जहर मुक्त प्राकृतिक खेती करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



लोहारू। हलके में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद चौ धर्मबीर ङ्क्षसह तथा एक गांव में परियोजना का शुभारंभ करते सांसद चौ धर्मबीर सिंह व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में विकसित हो रहा है। देश में रेल, मेट्रो, हाईवे, कनेक्टिविटी, रेलवे ओवर ब्रिज आदि आधारभूत ढांचे में नई-नई तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्कार हमारे देश की प्राचीन धरोहर हैं। इसलिए लोगों को सामाजिक रिश्ते सुदृढ़ कर पंचायती व्यवस्था कायम करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 वर्षों के दौरान व्यवस्था परिवर्तन करके हर वर्ग के हित में नीतियां बनाकर उन्हें लाभान्वित किया है। सांसद चौ. धर्मबीर सिंह सोमवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बीते दिवस लोहारू हलके में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। सांसद ने लोहारू हलके के गांव ओबरा, सलेमपुर, बिधनोई, बैरान, बड़दु मुगल, अमीरवास, ढाणी लक्ष्मण, गिगनाऊ, गोठडा, कुशलपुरा, झांझड़ा बास, श्योराण, दमकोरा, ढाणा जोगी सहित अनेक गांवों दौरा किया।

**ये साथ रहे**

सांसद के दौरे के दौरान एसडीओ सुरेंद्र सिंह, रविंद्र, प्रविंदर, राजेश शर्मा, एसईपीओ दीपक शर्मा, सुरेंद्र श्योराण, वीरेंद्र लांबा, अमित कुमार, राजेश चहडिया, महिपाल बडदू, उमेद मतानिया सरपंच रमेश जुई, रोहतास लांबा, जितेंद्र शर्मा सिधनवा, विजेंद्र बड़दु, प्रदीप पिलानिया, कैप्टन रामफल, राजकुमार लांबा, होशियार सिंह नंबरदार, प्रताप सिंह, सुभाष जोधकरण, सुरेश सोनी, शमशेर सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रत्येक निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में संचालित सभी निजी प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पंजीकृत कराना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने बताया कि उपायुक्त मुनीश शर्मा के दिशा निर्देशन में जिले में बिना पंजीकरण संचालित प्ले स्कूलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। तथा आवश्यकतानुसार ऐसे स्कूलों को बंद करने के निर्देश भी जारी किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निजी प्ले स्कूल संचालक पंजीकरण के लिए हरियाणा सरकार के सरल पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, पंजीकरण प्रक्रिया तथा अपेक्षित दस्तावेजों से संबंधित विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रेगुलेटरी गाइड लाइन्स फॉर प्राइवेट प्ले स्कूल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# लोहारू के अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू

- सिविल सर्जन डॉ रघुवीर सिंह शांडिल्य ने किया शुभांरभ, इलाकी गर्भवती महिलाओं को मिलेगी बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



लोहारू। सरकारी अस्पताल में पहली सिजेरियन डिलीवरी के बाद जन्म प्रमाण पत्र प्रदान कते हुए सीएमओ भिवानी तथा स्टाफ। *फोटो: हरिभूमि*

लोहारू शहर और आसपास के इलाके की गर्भवती महिलाओं को अब डिलीवरी के लिए चिंतित होने की जरूरत रही हैं। दरअसल मंगलवार से लोहारू के सरकारी अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के साथ साथ एफआरयू की सुविधा शुरू की गई है। जिसका शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ राघुवीर सिंह शांडिल्य ने ओटी और एफआरयू का शुभारंभ किया। अब लोहारू के सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को आपात स्थिति में ओटी में सिजेरियन डिलिवरी की सुविधा मिलेगी और एफआयू से आपात स्थिति में रक्त की जरूरत पूरी होगी। शुभारंभ के मौके पर पहली सिजेरियल डिलीवरी भी गई और डिलीवरी के बाद सीएमओ ने जच्चा और बच्चा दोनों का हालचाल भी जाना। सिविल सर्जन डा. रघुवीर सिंह शांडिल्य द्वारा मंगलवार को अस्पताल में ओटी व एफआरयू सुविधा शुरू करने के बाद अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी करवाने वाली पहली महिला गांव बुढ़ेड़ा निवासी सीमा तथा उसके परिजनों को बधाई दी। सिविल सर्जन ने सिजेरियन डिलीवरी करवाने वाली महिला को जन्म प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। सिविल सर्जन डा. रघुवीर सिंह शांडिल्य ने बताया कि लोहारू के सरकारी अस्पताल में ओटी व एफआरयू यूनिट में सेवाएं देने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों गाइनोकोलॉजिस्ट डा. विकास, बाल रोग विशेषज्ञ डा. हरेंद्र व एनेस्थेटिक डा. संतोष को विभाग द्वारा हॉयर किया गया है।

**बुढ़ेड़ा की सीमा बनी बेटी की मां**

जानकारी के अनुसार लोहारू में सरकारी अस्पताल में मंगलवार से शुरू की गई सिजेरियन डिलीवरी के तहत बुढ़ेड़ा निवासी महिला सीमा को संतान के रूप में बेटी प्राप्त हुई। इस मौके पर सीएमओ डॉ रघुवीर सिह ने जच्चा और बच्चा का हालचाल जाना और उन्हें जन्म प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। डिलीवरी के बाद सीमा और उसके परिजनों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के लिए अस्पताल प्रशासन का आभार प्रकट किया। सीमा के पति उज्जवल व सास शकुंतला देवी सहित परिजन मा. सुभाषचंद्र ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोहारू के अस्पताल में सिजेरियन सुविधा शुरू करने पर सरकार व विभाग के अधिकारियों व स्टाफ का आभार जताया है।



### सरकार जनविरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती तो 29 को होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन: भाटी

**भिवानी।** बीटीएम चौक स्थित सिटी यूनिट कार्यालय में मंगलवार को सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता यूनिट के प्रधान रविंद्र यादव ने की तथा संचालन यूनिट सचिव राजेश दुल्हेड़ी ने की। बैठक में मुख्य रूप से राज्य ऑडिटर धर्मबीर भाटी, सेंटर काउंसिल सदस्य चांदराम, बवानीखेड़ा यूनिट प्रधान अमित चौहान, भिवानी प्रधान मनदीप फोगाट, तोशाम नंबर 1 एवं नंबर 2 के प्रधान समयपाल व रामलाल, बिजेंद्र गिल, अनिल फोरमैन, शमशेर फोरमैन मौजूद रहे। बैठक में यूनियन के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विभाग ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो 29 जुलाई को पूरे प्रदेश में ऑनलाइन पॉलिसी की प्रतियां जलाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने बार-बार विभाग से जनविरोधी नीतियों को वापस लेने का आग्रह किया, लेकिन उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। अब पानी सिर से ऊपर जा चुका है। 29 जुलाई का प्रदर्शन ये दिखाएगा कि हरियाणा के बिजली कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर कितने गंभीर हैं।

### एक संगठन ने स्कूल बंद का किया ऐलान, दूसरा ग्रुप के स्कूलों में लगेंगी कक्षाएं

# प्राइवेट स्कूल हड़ताल, सामजंस्य नहीं बैठा तो हुई दो फाड़

- हिसार के एक निजी स्कूल में प्राचार्य की बच्चों द्वारा हत्या करने के विरोध में हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हिसार के एक निजी स्कूल में प्राचार्य की बच्चों द्वारा हत्या करने के विरोध में बुधवार को निजी स्कूलों को बंद करने के ऐलान से स्कूल संगठन दो फाड़ हो गए है। हालांकि शुरू में तो दोनों संगठन 16 जुलाई को हड़ताल के पक्ष में था,लेकिन सलाह मशविरा के बाद मंगलवार को एक संगठन ने हड़ताल से किनारा कर लिया। संगठन के एक पक्ष ने प्राचार्य की हत्या के विरोधास्वरूप बुधवार को हड़ताल व स्कूलों की छुट्टी का ऐलान कर दिया,जबकि दूसरे संगठन के पदाधिकारियों ने अपने साथियों से सलाह मशविरा करके बुधवार को स्कूल खुले रखने का फैसला लिया है। वे इस दुखद घटना पर बुधवार सुबह प्रार्थना सभा में दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखेंगे तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी करेंगे। बाद में अन्य दिनों की तरह स्कूलों में पढाई होती रहेगी। यहां यह बताते चले कि विगत में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के एक संगठन ने हिसार के एक निजी स्कूल में बच्चों द्वारा एक प्राचार्य की हत्या करने के विरोध में बुधवार को हड़ताल पर रहने का ऐलान कर दिया। साथ ही इस सभी निजी स्कूलों को बंद रखने का भी फैसला लिया। फैसले के अनुसार अनेक स्कूल संचालकों ने मंगलवार को ही स्कूली बच्चों को बुधवार को छुट्टी की घोषणा की। हालांकि इन स्कूल संचालकों ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वे इस दिन शहर में कोई विरोध प्रदर्शन करेंगे या नहीं,लेकिन बच्चों की छुट्टी के बाद स्कूल बंद जरूर रहेंगे। वहीं दूसरे ग्रुप ने हड़ताल में शामिल होने से इंकार कर दिया। उनका तर्क है कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है,लेकिन जिस संगठन ने स्कूलों को एक दिन के लिए बंद रखने का फैसला लिया है। यह फैसला उनका अकेले ग्रुप का है। उनसे इस बारे में कोई राय नहीं ली गई है। अगर राय लेते तो वे शामिल होते या नहीं। पर अब उनको इनके फैसले के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**घटना घटी वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण**

प्राइवेट स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रामौतार शर्मा ने बताया कि जो प्राचार्य के साथ घटना घटी वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जितनी निंदा की जाए। उतनी कम है। वे इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने बताया कि वे बुधवार को स्कूलों को बंद नहीं रखेंगे,बल्कि सुबह के वक्त प्रार्थना सभा में बच्चों के साथ दिवंगत प्राचार्य की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। उसके बाद नियमित क्लासें लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभिभावकों को भी आगे आना चाहिए। अगर बच्चे में शिक्षक का भय नहीं होगा तो वह बच्चे को किस तरह से पढा पाएगा और होमवर्क पूरा करवाएगा। इस तरह की घटना की पुनवृति न हो,इसके लिए अभिभावकों को जागृत होना होगा। इस तरह की घटनाओं पर विराम लग सकता है।